# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर

डेयरी संयंत्र–नरसिंहपुर रोड, सिरौंजा सागर (म.प्र.) 470004

**E-Mail-sanchimccsagar@gmail.com**

# मिल्क पार्लर निर्माण कार्य हेतु
# प्रथम ई–निविदा प्रपत्र
# वर्ष 2022–23

**बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर**

डेयरी संयंत्र–नरसिंहपुर रोड, सिरौंजा सागर (म.प्र.) 470004

**E-Mail-sanchimccsagar@gmail.com**

**निविदा प्रपत्र का मूल्य– Rs. 500/–(पाँच सौ रूपये)**

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर

डेयरी संयंत्र–नरसिंहपुर रोड, सिरौंजा सागर (म.प्र.) 470004

E-Mail-sanchimccsagar@gmail.com

क्रमांकः बु.स.दु.सं./यांत्रिकी/नस्ती क्रं. 253/2022/38 दिनांकः 14.04.2022

बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सिरोंजा सागर के अधीन चिन्हित शहरो/स्थानों पर फेब्रिकेटेड मिल्क पार्लर का प्रदाय एवं स्थापना कार्य हेतु प्रथम ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि ऑनलाईन जमा कर मध्यप्रदेश ई–टेण्डर की वेबसाइट (www.mptenders.gov.in) से दिनांक 15.04.2022 से क्रय की जा सकती है। ई–निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश दुग्ध महासंघ की वेबसाइट (www.sanchidairy.com) पर भी देखा एवं पढ़ा जा सकता है। निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 05.05.2022 समय दोपहर 2:00 बजे तक है। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित है।

| क्रमांक | विवरण | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र क्रय राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सिरोंजा सागर के अधीन चिन्हित शहरो/स्थानों पर फेब्रिकेटेड मिल्क पार्लर का प्रदाय एवं स्थापना कार्य हेतु प्रथम ई–निविदा | रू. 50,000.00 (पचास हजार रूपये मात्र) | रू. 500.00 (पाँच सौ रूपये मात्र) |

# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

BUNDELKHAND SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

**SAGAR DAIRY PLANT, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, DIST. SAGAR (M.P.)-470004**
**E-Mail : sanchimccsagar@gmail.com, Web. www.sanchisagar.com**

क्रमांकः बु.स.दु.सं. / यांत्रिकी / नस्ती क्रं. 253 / 2022 / 38 दिनांकः 14.04.2022

| | ई–निविदा प्रपत्र | |
|---|---|---|
| | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 500.00 / – (पाँच सौ रूपये मात्र) |
| 1. | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारंभ करने की दिनांक एवं समय। | दिनांक 15.04.2022 समय दोपहर 2:00 बजे |
| 2. | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय एवं जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 05.05.2022 समय दोपहर 02:00 बजे |
| 3. | ई–निविदा प्रपत्र भरने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 05.05.2022 समय दोपहर 02:00 बजे |
| 4. | ई–निविदा तकनीकी प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांक 07.05.2022 समय दोपहर 02:00 बजे |
| 5. | ई–निविदा वित्तीय प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी अहर्ताऐ पूर्ण होने उपरांत |
| 6. | ई–निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय, बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सिरोंजा, सागर (म.प्र.) 470004 |
| 7. | पत्र व्यवहार हेतु पता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सिरोंजा, सागर (म.प्र.) 470004 |
| 8. | अमानत राशि | रू. 50,000 / –(पचास हजार रूपये मात्र) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
सिरोंजा, सागर

परिशिष्ट–1

## तकनीकी अर्हतायें

| क्र. | आवश्यक अर्हता | विवरण जानकारी | अनिवार्यतः संलग्न किये जाने वाले स्व–प्रमाणित दस्तावेज। |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम पता (संस्था के पंजीयन का प्रमाण) | | संस्था के पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि। |
| 2. | यदि कोई पार्टनर हो तो उनका नाम व पता। | | पंजीकृत पार्टनरशिप डीड। |
| 3. | संस्था / फर्म होने की दशा में मुख्य अधिकार / अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम। | | संस्था / फर्म के संचालक मंडल / मुख्य अधिकारी का अधिकार पत्र। |
| 4. | निविदाकर्ता का पेनकार्ड नम्बर होना अनिवार्य है। | | पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 5. | जी.एस.टी. नम्बर होना अनिवार्य हैं | | GST नम्बर / आवेदन की छायाप्रति संलग्न करें। राज्य के बाहर के निविदाकार GST क्रमांक की छायाप्रति भी प्रस्तुत करें |
| 6. | दूरभाष / मोबाईल नम्बर<br>1. फेक्ट्री का<br>2. कार्यालय का | | |

**नोटः–**

1. तकनीकी अर्हताऐं पूर्ण करने वाले निविदाकारों की ही निविदा स्वीकार की जावेगी।
2. उपरोक्त जानकारी में से कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर ठेका निरस्त कर अमानत राशि राजसात की जा सकेगी तथा फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा।

निविदाकार हस्ताक्षर........................................
नाम...................................................................
पता...................................................................
दूरभाष नम्बर..................................................
मोबाईल नम्बर.................................................

## परिशिष्ट–''02''

**निविदा कार्य :** बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सिरोंजा सागर के अधीन चिन्हित शहरो/स्थानों पर फेब्रिकेटेड मिल्क पार्लर का प्रदाय एवं स्थापना कार्य।

## <u>सामान्य नियम एवं शर्ते</u>

### (क) अनिवार्य दस्तावेज

1. संस्था का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि।
2. संस्था अथवा प्रोप्राईटर के पेन (आयकर) नंबर और GST की प्रतिलिपि।
3. संस्था (फर्म) एवं संस्था के मालिक का नाम, पता एवं दूरभाष नंबर।
4. निविदा प्रपत्र के समस्त पृष्ठों को सील एवं हस्ताक्षर कर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।

**(ख)** फेब्रिकेशन कार्य में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव रखने वाले अथवा किसी भी सरकारी संस्था को समान प्रकार के सामग्री प्रदायकर्ता को प्राथमिकता दी जा सकती है, परन्तु यह अनिवार्य नहीं होगा।

1. पार्लर निर्माण कार्य हेतु कार्य आदेश दिये जाने के उपरांत निर्धारित समय सीमा में कार्य आदेशानुसार पार्लर निर्माण कर स्थापित नहीं किये जाने पर निम्नानुसार जुर्माना वसूला जावेंगा।

   – बिलंब अवधि 15 दिन तक, जुर्माना राशि –कुल लागत राशि का 2 प्रतिशत

   – कार्यआदेश में वर्णित पार्लर की संख्या का निर्माण निर्धारित दिनांक तक पूर्ण कर निर्धारित स्थान पर स्थापित नहीं किये जाने की स्थिति में दुग्ध संघ के द्वारा किसी अन्य फेब्रिकेटर से पार्लर निर्माण कराये जाने की स्थिति में कार्य आदेश में अंकित दर से अधिक व्यय होने पर अधिक व्यय होने वाली राशि एवं कुल लागत राशि के पांच प्रतिशत जुर्माना राशि सहित जमा की गई ई.एम.डी. राशि से कटौत्रा किये जाने का अधिकार दुग्ध संघ के पास सुरक्षित रहेगा।
2. निविदाकार को रूपये 50,000.00 (रू. पचास हजार रूपये मात्र) की अमानत राशि का ऑनलाइन भुगतान किया जाना होगा। अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
3. मध्यप्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को निविदा में प्रतिभूति राशि के भुगतान से छूट रहेगी।

4. निविदा स्वीकृत होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर द्वारा दी गयी कार्यादेश की सूचना की अभिस्वीकृति लिखित में सूचना प्राप्ति के 7 दिन के अंदर सागर कार्यालय में निविदाकार को रूपये 50,000/—(पचास हजार रूपये मात्र) अतिरिक्त सुरक्षा निधि के रूप में संघ को ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराकर अभिस्वीकृति देनी होगी, अन्यथा निविदाकार की धरोहर राशि जप्त कर निविदा निरस्त की जावेगी। इस प्रकार कुल सुरक्षा निधि रूपये 1,00,000/—(एक लाख रूपये मात्र) एवं मध्यप्रदे ा के सूक्ष्म एवं लघु उद्योगो को जिनको प्रतिभूति रा ा से छूट प्राप्त है उनकी कुल सुरक्षा निधी 50,000/—(पचास हजार रूपये मात्र) होगी जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

5. सफल निविदाकार को रूपये 1000/—के नान ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर कार्य आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर संघ से विधिवत अनुबंध निर्धारित प्रारूप में निष्पादित करना होगा। अनुबंध निष्पादित न करने की स्थिति में कार्य आदेश को निरस्त करने का अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

6. पार्लर निर्माण उपरांत यदि पार्लर स्ट्रक्चर में किसी प्रकार की क्षति होगी, तो उसे संचालनकर्ता की जमा अमानत राशि से वसूल किया जावेगा, इसकी वसूली निर्माणकर्ता निविदाकर्ता निविदाकार से नहीं होगी। परन्तु इसका सत्यापन दुग्ध संघ की अधिकृत समिति द्वारा किया जायेगा।

7. सफल निविदाकार की दरें, दर अनुमोदन दिनांक से एक वर्ष तक मान्य रहेंगी।

8. कार्यआदेश जारी होने की दिनांक से एक वर्ष पश्चात् ही ई.एम.डी. राशि वापिस की जावेंगी।

9. किसी भी विवाद हेतु न्यायालय क्षेत्र सागर रहेगा।

10. आर्बिट्रेशन :—

— किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ को प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जा सकेगा।


— निराकरण न होने की स्थिति में आर्बिट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

**परिशिष्ट–''03''**

**(पार्लर निर्माण हेतु तकनीकी मानक विवरण)**

**<u>मिल्क पार्लर 8×8×8</u>**

1. पार्लर पूर्णतः फोल्डेबल होना चाहिए।
2. पार्लर डिपो की लम्बाई–8 फीट, चौड़ाई–8, ऊँचाई–8 फीट होनी चाहिए।
3. पार्लर की मुख्य फ्रेम (50mm x 50mm x 5mm) एम.एस. एंगल से निर्मित हो, तथा चारों ओर 18 गेज मोटाई वाली एम.एस. शीट से कव्हर्ड हो। दरवाले एवं खिड़की बनाने हेतु (25mm x 25mm x 3mm) के एंगल होना चाहियें। आंतरित ढांचा (35mm x 35mm x 3mm) एंगल के हों।
4. पार्लर के दाहिनी तरफ 3X6 फीट का एक दरवाजा तथा सामने की ओर तीन फीट ऊँचाई– पर 8 फीट की खिड़की हो, तथा अन्दर की तरफ 8 फीट लम्बा और 8 इंच चौड़ाई का एक काउन्टर बना हो। उक्त खिड़की बाहर की ओर खुलने वाली हो, तथा उसमें 10 इंच सरिये के लॉक की व्यवस्था की जाना होगी। (नमूने का चित्र संलग्न है।) बाहर की ओर के काउंटर का नाम 1½ फीट x8 फीट होगा।



5. पार्लर डिपों की छत पर कोरूगेटेड टीन 0.50mm मोटाई की (ISI मार्क वाली) शीट लगाई जाकर उसका (ढलान) स्लोप पीठे की तरफ रखा जायें, जिसका ढाल 6 इंच रखा जायें।
6. पार्लर डिपों के फेब्रिकेशन के उपरांत उस पर दो कोट रेड ऑक्साईट तथा दुग्ध संघ द्वारा निर्धारित रंग का सिन्थेटिक एनेमल दो को जो एशियन पेंट का हो, किया जाना होगा।
7. संपूर्ण ढांचा प्राईमर के दो अस्तरों से पेंट किया जाएगा। बाहरी सी.आर.सी शीट को प्रथमतः प्राईमर के दो अस्तारों से पेंट किया जाएगा। पार्लर की भीतरी शीट प्राईमर के दो अस्तरों से पेंट की जाएगी। जिसे फिर आई.एस.आई मार्क कम्पनी का सफेद सिंथटिक पेंट से 4 फीट ऊपर एक (25mm x 25mm x 3mm) के लोहे एंगल पर 9mm मोटाई की प्लाई लगाकर शेल्फ बनाई जानी चाहिए।
8. आर्ट और लेखन कार्य दिए गए नमूने अनुसार सिंथेटिक ऑईल पेंट से लिखा जाना होगा। ऑर्टवर्क बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर द्वारा निर्धारित डिजाईन अनुसार किया जावेगा।
9. कार्यादेश के विरूद्ध कार्य उपरान्त भुगतान प्रभारी (विपणन), बु.स.दु.सं. के अथवा समिति द्वारा सत्यापन उपरान्त ही किया जावेंगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**बु.स.दु.सं.मर्या., सागर**

**(दर पत्र निम्नांकित प्रपत्र में ही केवल ऑनलाईन भरे जाने है)**

## दर–प्रपत्र

कार्य विवरण– फेब्रिकेटेड मिल्क पार्लर निर्माण कर विभिन्न चयनित शहरों/स्थानों पर स्थापित करना।

| क्र. | कार्य विवरण/साईज | बंधित मात्रा | दर प्रति नग (निर्माण, सामग्री परिवहन भाड़ा, समस्त कर सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | फेब्रिकेटेड मिल्क पार्लर का प्रदाय एवं स्थापना साईज 8×8×8 फुट | 10 नग | रूपये...............................................(अंको मे)<br>रूपये...............................................(अक्षरों मे) |

उपरोक्त दरें निविदा के परिशिष्ट ''3'' में उल्लेखित मानक स्तर अनुसार प्रस्तुत की गई है।

दिनांक..........................

हस्ताक्षर.................................................................

निविदाकार के हस्ताक्षर.....................................

नाम.......................................................................

पता.......................................................................

# घोषणा–पत्र

मेरे द्वारा परिशिष्ट 1, 2 व 3 में वर्णित निविदा की शर्तें पढ़ व समझ ली है तथा मैं/हम सभी शर्तों को मानने के लिये तैयार हूँ/है। निविदा में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि मेरे द्वारा निविदा में प्रस्तुत जानकारी असत्य प्रमाणित होती है। या मैं परिशिष्ट 1, 2, व 3 में वर्णित शर्तों का पालन नहीं करता हूँ तो मेरी ई.एम.डी. राशि राज–सात करने का प्रबंध द्वारा निर्णय मुझे स्वीकार होगा इस हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

**हस्ताक्षर**

**निविदाकार का नाम एवं पता**